# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



**डा. मोहित गुप्ता**

M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक
एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक

अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

**सुविधायें**
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन

Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location

सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# संदिग्ध हालात में ग्रामीण की मौत, फंदे से लटका मिला शव

## बरखेड़ा के मोहल्ला ठाकुरद्वारा में पारिवारिक कलह में खुदकुशी करने की चर्चा

संवाददाता, बरखेड़ा



घटना के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक ग्रामीण की मौत हो गई। उसका शव ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। पारिवारिक कलह के चलते खुदकुशी करने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच कर रही है।



मजहर मियां।

घटना कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर दो मोहल्ला ठाकुरद्वारा में हुई। यहां के रहने वाले 48 वर्षीय मजहर मियां पुत्र नन्हे मियां का शव गुरुवार सुबह ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे में रस्सी के बने फंदे से लटका मिला। काफी देर बाद भी पिता के कमरे से बाहर न आने पर दस वर्षीय पुत्री आयरा पिता को बुलाने के लिए पहुंची। इस दौरान कमरे में पिता का फंदे से लटका शव देख उसके होश उड़ गए। बच्ची के चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बरखेड़ा पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। मृतक का एक पैर कुर्सी पर टिका हुआ था। जिसे लेकर मौजूदा लोग अनहोनी की आशंका भी जताते रहे। हालांकि पारिवारिक कलह में खुदकुशी की बात मानी जा रही है। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस गई थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### एक दिन पूर्व पत्नी से विवाद की चर्चाएं

अधेड़ का शव फंदे से लटका मिलने के बाद आसपास के काफी लोग जमा हो गए थे। परिवार वालों में चीख पुकार मची हुई थी। पारिवारिक कलह में खुदकुशी करने की आशंका जताई गई है। बताते हैं कि एक दिन पूर्व मृतक की पत्नी ने बारह वर्षीय पुत्र को डांट डपट दिया था। जिसे लेकर दंपति के बीच झगड़ा हो गया था। इसके बाद बताते हैं कि पत्नी मोहल्ले में ही चली गई थी और उसे बुलाने का प्रयास किया लेकिन नहीं आई। इसके बाद दूसरे ही दिन घटना हो गई। फिलहाल परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा।

# मंडलायुक्त आज करेंगे वार्षिक मुआयना, तैयारियां



सदर तहसील परिसर में साफ-सफाई करते कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी 06 फरवरी को कलेक्ट्रेट समेत सरकारी कार्यालयों का वार्षिक मुआयना करेंगे। इस दौरान मंडलायुक्त विभागीय अफसरों के साथ बैठक कर समीक्षा करेंगे। इधर मंडलायुक्त के दौरे से एक दिन पूर्व गुरुवार को कलेक्ट्रेट समेत सदर तहसील परिसर में दिन भर तैयारियां चलती रही। सरकारी कार्यालयों समेत परिसरों साफ सफाई का कार्य चलता रहा। वहीं कर्मचारी अभिलेखों को दुरुस्त करते देखे गए। वहीं विभागीय अफसर भी कार्यालयों में बैठकर कामकाज निपटाते देखे गए।

## पालेज खोदने से रोकने पर युवक को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम कुर्री निवासी जाहिद पुत्र मोहम्मद नूर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार जनवरी को उनके भाई इरशाद अहमद पुत्र मोहम्मद नूर ग्राम बेहरी खेड़ा में ग्राम प्रधान द्वारा दी गई जमीन पर पालेज खोद रहे थे। आरोप है कि इस बीच कुछ लोग आए और जमीन को अपनी बताते हुए काम रोकने को कहा। विरोध करने पर आरोपियों ने इरशाद अहमद से अभद्रता कर धमकाया। जब शिकायत करने के लिए जा रहे थे तो हमला किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिना बिजली मीटर जगमग हो रहा था नेहरु पार्क, लाइट काटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- टीएसी जांच के दौरान सभासदों ने लगाया था बिजली चोरी का आरोप

**अमृत विचार :** टनकपुर हाईवे पर स्थित नेहरु पार्क में जांच करने पहुंची टीएसी टीम की मौजूदगी में नेहरु पार्क में बिना बिजली मीटर के ही जगमग होने की बात कही गई। मामला संज्ञान में आने के बाद अब नेहरु पार्क की लाइट काट दी गई है। जिस वजह से रात में चमकने वाला नेहरु पार्क अब अंधेरे में है। इधर, लाइट कटने के बाद पार्क का ठेका लेने वाले ठेकेदार परेशान है और वह लाइट चालू करने की मांग कर रहे हैं।

बता दें कि टनकपुर हाईवे निरंजन कुंज कॉलोनी के सामने स्थित नेहरू पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य नगर पालिका के स्तर से कराया गया है। इसके लिए शासन स्तर से 1.33 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया था। बजट मिलने के बाद नगर पालिका की ओर से काम शुरू करा दिया गया था। पार्क के स्वरूप को बदलते हुए परिसर में नए झूले, ओपन जिम, पाथवे, लाइट, गार्डन आदि तैयार किए गए हैं। साथ ही नेहरू पार्क का मुख्य द्वार का भी स्वरूप बदला गया है। मई में पार्क का काम पूरा कर लिया गया था। नगरपालिका की ओर से जून में इसका उद्घाटन कराने की रणनीति बनाई गई थी, लेकिन अभी तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका है। जिसके बाद इसका ठेका दे दिया गया था। मगर पूर्व में सभासदों की ओर से की गई शिकायत के बाद टीएसी की टीम जांच करने के लिए एक दिन पूर्व नेहरु पार्क पहुंची थी। बरेली आरईएस के राजेश कुमार को अनिमिताएं मिली थी। साथ ही मौके पर बिना बिजली मीटर के लाइट चलती मिली। बताते हैं कि अभी तक पार्क में बिजली कनेक्शन नहीं लिया गया। सिर्फ सीधे तार जोड़कर लाइट जलाई जा रही है। शिकायत के बाद कनेक्शन काट दिया गया है। ईओ संजीव कुमार ने बताया कि लाइट को लेकर वार्ता चल रही है। जल्द ही कनेक्शन करा दिया जाएगा।

# एबीएम से बदसलूकी और धमकी, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बैंक में कार्यरत महिला अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार और धमकी देने का मामला सामने आया है। सोलर लोन की जानकारी के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपी ने दोबारा रास्ते में रोककर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र में इंडियन बैंक की सहायक शाखा प्रबंधक (एबीएम) ने दिव्या वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह चौक बाजार शाखा में एबीएम पद पर कार्यरत हैं। 20 जनवरी को दोपहर ऋषभ अग्रवाल नामक युवक बैंक आया था। आरोप है कि युवक ने सोलर लोन और उससे जुड़ी सब्सिडी के बारे में जानकारी ली। इसी दौरान बात बढ़ने पर वह बहस करने लगा और दुर्व्यवहार पर उतर आया। 26 जनवरी की सुबह करीब आठ से नौ बजे के बीच युवक ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि युवक ने सब्सिडी न मिलने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। शोर सुनकर राहगीर मौके पर जुट गए, जिसके बाद आरोपी धमकी देता भाग गया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# नर्तकियों के डांस का वीडियो वायरल, पुलिस ने की जांच

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचारः** नर्तकियों के डांस के मामले थम नहीं रहे हैं। कुछ दिन पहले अमरिया क्षेत्र का प्रकरण उजागर हुआ था। अब दियोरियाकलां क्षेत्र के एक गांव में नर्तकियों को बुलाकर ठुमके लगवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खलबली मच गई। पुलिस ने मामले में जांच की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दियोहना गांव का यह वीडियो बताया जाता है। बुधवार रात नर्तकियों को बुलाकर आपत्तिजनक डांस कराया गया। बकायदा पंडाल लगाकर पूरा कार्यक्रम चला, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और नोट भी लुटाए। इसका वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिसके बाद पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। बताते हैं कि कुछ पुलिसकर्मी भी वहां पहुंचे और बिना कार्रवाई किए ही वापस आ गए। क्योंकि यह एक ग्रामीण के घर नामकरण संस्कार की दावत थी। मगर, किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जा रही है।



वायरल वीडियो से लिया स्क्रीनशॉट।

# एयरगन के साथ दबोचा शिकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर में मुरादाबाद रोड स्थित एक ढाबे के निकट एक शिकारी को एयरगन के साथ पुलिस टीम ने दबोच लिया। वन विभाग की टीम ने शिकारी के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी। गुरुवार को बिसौली रोड स्थित दादी की रसोई के निकट जंगल में एक शिकारी अपनी एयरगन के साथ पहुंचा। शिकारी ने एयरगन से एक कबूतर को मार गिराया। एयरगन के फायर की आवाज पर आस पास के लोग पहुंच गए। साथ ही थाना सिविल लाइन पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस ने शिकारी युवक को उसकी एयरगन और मोटर साइकिल के साथ पकड़ लिया। साथ ही वन विभाग को सूचना पर वन विभाग के रेंजर अशोक कुमार ने पुलिस को उक्त आरोपी के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत कार्यवाही करने को तहरीर दी है।

## ऑफिस जाने निकली युवती लापता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री चार फरवरी सुबह 10 बजे घर से आनलाइन ऑफिस, लेखराज चौराहा पर काम करने गई थी। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। जब तलाश शुरू की तो ऑफिस में बताया गया कि युवती उस दिन ऑफिस नहीं पहुंची। परिजनों ने युवती के मोबाइल पर कई बार कॉल की, लेकिन दोनों नंबर बंद मिले। रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर भी खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिल सकी। आशंका है कि किसी ने युवती को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की तलाश की जा रही है।

## आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने पर कार्रवाई

**पीलीभीत :** सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री का फोटो एडिट कर वायरल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम चंदोई के ऐश मौर्य की ओर से की गई शिकायत में बताया कि इंस्टाग्राम पर किसी ने एडिट की गई मुख्यमंत्री की फोटो पोस्ट की। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

**फोकस नेत्रालय**
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

**स्वास्थ्य जागरूकता अभियान**
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

ADITYA **आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर**
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
8077344353
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अनुदेशकों में जागी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अंशकालिक अनुदेशकों के लंबे संघर्ष को आखिरकार राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अनुदेशकों में खुशी है। शीर्ष अदालत की ओर से बकाया भुगतान को लेकर किए गए आदेश के बाद अनुदेशकों ने हर्ष जताया है।

बता दें कि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अनुदेशकों के मानदेय से जुड़े मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय को न्यायोचित ठहराते हुए सरकार की याचिका खारिज कर दी। साथ ही वर्ष 2017 से अब तक का समस्त बकाया एरियर के रूप में छह माह के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जिले के 573 अनुदेशकों में खुशी का माहौल है।

अनुदेशक संगठन के प्रदेश मंत्री प्रखर मिश्र ने कहा कि यह मामला लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अंशकालिक शिक्षकों से वर्षों तक निरंतर सेवाएं लेने के बावजूद उन्हें संविदा कर्मी मानना अनुचित है। वर्ष 2013 से तय सात हजार मानदेय को अदालत ने अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में माना है। फैसले के अनुसार संशोधित मानदेय शैक्षिक सत्र 2017-18 से लागू माना जाएगा और एक अप्रैल 2026 से भुगतान प्रारंभ होगा। साथ ही पूर्व अवधि का समस्त बकाया छह माह में देना अनिवार्य होगा। फिलहाल इस फैसले को अनुदेशक उज्जवल भविष्य की राह से जोड़कर देख रहे हैं।



सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिया गया न्याय ऐतिहासिक है। अनुदेशकों का भविष्य उज्जवल होगा। सरकार अगर चाहे तो नियमतीकरण भी कर सकती है। अभी तक सराहनीय निर्णय है।
**- प्रखर मिश्र,** प्रांतीय संगठन मंत्री, माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति



न्यायालय का हृदय से आभार। अब सरकार से निवेदन ये है कि उक्त निर्णय को अतिशीघ्र लागू कर अनुदेशकों के हित को संरक्षित करे। अब सात हजार से बढ़कर 17 हजार रुपये मानदेय का फैसला दिया गया है।
**- राकेश पटेल,** प्रदेश अध्यक्ष, माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति



सुप्रीम कोर्ट का फैसला अनुदेशकों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला है। आगे भी संगठन अनुदेशक हित में कार्य करता रहेगा। यह आदेश वर्ष 2017-18 से लागू होगा। जिससे अनुदेशकों को लाभ होगा।
**- सुरेंद्र गंगवार,** जिला अध्यक्ष, माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति

# एसआई मोहित नैन के स्थानांतरण पर दी विदाई

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार को विदाई समारोह का आयोजन कर स्थानांतरित उप निरीक्षक मोहित कुमार नैन को भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोतवाल मनोज कुमार ने की। इस दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके भविष्य में भी उसी निष्ठा के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई गई।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा, ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए बिल्सी तहसील के गांव खितौरा में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते अनवीर सिंह वर्मा ने कहा कि उसने गांव में ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 553 रकबा 0,506 हेक्टेयर खरीदा है। लेकिन गांव के दबंग ने उस ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर लिया है।दबंगा ने 553 गाटा संख्या पर सहसवान तहसील न्यायालय से ले लिया है। उक्त दबंग ने 556 व गाटा संख्या 558 को भी जोत लिया है।पीड़ित ने बताया कि गाटा संख्या 556 खेल मैदान है जबकि 538 होली चौक है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि उक्त भूमि की पैमाइश कराई जाए। प्रदर्शन करने वालो ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर बिहारी, लालाराम, कौशर, जसबीर, किशनपाल, प्रेम सिंह, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षक सुनील बने एनसीसी सेकंड ऑफिसर



महंगापुर, अमृत विचार : गुरु तेग बहादुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक सुनील कुमार का एनसीसी में सेकंड ऑफिसर पद पर चयन हुआ है। 26 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल चित्र सेन सिंह एवं एसएम सुरेंद्र सिंह ने शिक्षक सुनील कुमार को स्टार लगाकर प्रमोशन दिया। सुनील कुमार एनसीसी कोर्स का कार्यभार लंबे समय से संभाल रहे थे। बीते माह उन्होंने ओटीएस, महाराष्ट्र में आयोजित दो माह का विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। स्कूल प्रबंधक सरबजीत सिंह, प्रधानाचार्य संगीता जायसवाल आदि ने उन्हें बधाई दी।

### दंपती व पुत्रवधू के साथ मारपीट

धौरहरा, अमृत विचार : गांव रामनगर लहबड़ी निवासी अनवरी ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे समीम, रोशन जहां, सोफिया व नासिर की पत्नी रास्ते पर कूड़ा करकट फेंक रहे थे। जब उसने रास्ता अवरुद्ध होने से मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोर सुनकर पति रसूल अहमद और बहू तरन्नुम मौके पर पहुंची, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इस घटना में तीनों को चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संपूर्णानगर, अमृत विचार : एसएसबी कमलापुरी और थाना संपूर्णानगर पुलिस ने बुधवार की देर शाम संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारत-नेपाल सीमा पर बाइक सवार अनुज गुप्ता और शिवा गौड निवासी बसही कॉलोनी थाना संपूर्णानगर को रोककर तलाशी ली तो दोनों के पास से कुल 4 .45 ग्राम ब्राउन बरामद हुई। पुलिस ने बाइक सीज करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का पुलिस ने गुरुवार को चालान भेजा है।

### प्रधानाचार्य बने एनसीसी ऑफिसर

पलियाकलां, अमृत विचार : गोल्डन फ्लावर सीनियर सेकेंड्री स्कूल के प्रधानाचार्य श्याम महेंद्रू को एनसीसी के सेकंड ऑफिसर पद पर पदोन्नत किया गया है। 26 यूपी बटालियन एनसीसी. मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में कमांडिंग ऑफिसर चित्र सेन व सूबेदार मेजर सुरेंद्र सिंह ने उनके कंधों पर स्टार लगा कर बधाई दी। स्कूल प्रबंध संचालक जसमेल सिंह मांगट, उपप्रबंधक अमनप्रीत सिंह मांगट, प्रबंध संचालिका हरदीप कौर मांगट, रमनजीत कौर मांगट ने भी उन्हें बधाई दी है।

### शिवरात्रि व होली को लेकर बैठक आज

पलिया कलां, अमृत विचार : शिवरात्रि, होली व नव संवत्सर पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान के पदाधिकारियों की एक बैठक शुक्रवार यानी आज शाम 7 :00 बजे होगी। संस्थान के महामंत्री कृष्ण कुमार गोपी ने बताया कि बैठक में कार्यक्रमों की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

# तीन अधिकारी और 24 कर्मचारी अनुपस्थित

## विकास भवन में सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया औचक निरीक्षण, एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : विकास भवन में गुरुवार सुबह सीडीओ अभिषेक कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तीन अधिकारी और 24 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे प्रशासनिक अधिकारियों में खलबली मच गई। सीडीओ ने अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश जारी किया।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की समयपालन सुनिश्चित करें, स्वयं भी प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई में उपस्थित रहे। परिसर में गंदगी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों और कार्यालय अधीक्षक की जिम्मेदारी तय की जाएगी।



विकास भवन के एक कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर चेक करते सीडीओ अभिषेक कुमार।

सीडीओ ने निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों के लिए समान टेबल, केबिन व्यवस्था, नाम पट्टिका अनिवार्य की जाए।

अभिलेख नियमित अद्यतन कर अलमारी/रैक में व्यवस्थित रूप से रखवाए जाएं। कार्यालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन में सभी कार्मिकों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो कर्मचारी अवकाश पर हों, उनका अवकाश प्रार्थना पत्र मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड किया जाए और उपस्थिति पंजिका में प्रातः 10 बजे तक अवकाश का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाए। यदि निरीक्षण के समय किसी कर्मचारी का हस्ताक्षर कालम रिक्त पाया जाता है या अवकाश दर्ज नहीं किया गया, तो उसे अनुपस्थित मानते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अवकाश दर्ज न करने की जिम्मेदारी संबंधित स्थापना लिपिक पर भी होगी।

### ये रहे अनुपस्थित अधिकारी और कर्मचारी

निरीक्षण में जिले की समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह कार्यालय में नहीं मिलीं। उनके कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सय्यद साद, पर्यवेक्षक सचिन, महेन्द्र कुमार, अंशुमान सिंह, विकास गुप्ता, पत्रवाहक नरेन्द्र कुमार भी अनुपस्थित पाए गए। डीएसटीओ कार्यालय के अपर सांख्यिकी अधिकारी नीति शर्मा और अरविन्द, सहायक अभियंता ल. सिं. कार्यालय के वरिष्ठ सहायक रोहित सक्सेना और कनिष्ठ सहायक अजय कुमार राज भी अनुपस्थित थे। एआरसीएस कार्यालय के एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह और सहयोगी साधना सिंह, पशुपालन से कनिष्ठ सहायक रवि कुमार और पत्रवाहक कृष्ण कुमार, अधिशासी अभियंता, ग्रा.अ.वि. कार्यालय के वरिष्ठ सहायक समीर शरण सिंह भी अनुपस्थित पाए गए। डीपीआरओ कार्यालय के कनिष्ठ सहायक बीएल राना, पत्रवाहक बब्लू, सफाई कर्मी सुभाष सिंह, अखिलेश कुमार, छोटे लाल, विपिन कुमार और उपायुक्त श्रम रोजगार कार्यालय के एपीओ नीतू और कम्प्यूटर आपरेटर मनोज कुमार भी अपनी ड्यूटी से गायब रहे।

# पर्ची नहीं मिलने से क्रेशर पर गन्ना बेचने को किसान मजबूर

संवाददाता, भीरा

- गन्ने का री सर्वे न होने से किसानों को नहीं मिल पा रही पर्ची

अमृत विचार : गन्ने का री सर्वे न होने से किसानों को पर्ची नहीं मिल पा रही है। इससे किसान अपना गन्ना क्रेशर पर बेचने के लिए मजबूर है।

किसानों को इस बात की चिंता सता रही है कि वह चीनी मिलों को सट्टा सर्वे के आधार पर कैसे गन्ने की आपूर्ति कर सकेंगे। वजह है कि सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा क्षेत्र में अधिकतर किसानों ने अधिक उत्पादन के प्रयास में अस्वीकृत प्रजाति के गन्ने की बुवाई की है।इस वजह से गन्ना विकास समिति उन्हें अस्वीकृत प्रजाति की सप्लाई के लिए पर्चियां जारी नहीं कर रही है।

जानकार बताते हैं कि रिजेक्ट गन्ने की री सर्वे करने के निर्देश शासन स्तर से दिए गए हैं। इस सर्वे को करवाने के लिए गन्ना विकास परिषद के वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अधिकृत हैं, जिन्हें जिला गन्ना अधिकारी ने बीते दिनों हटा कर पलिया का सचिव बना दिया है, फिर भी खेतों में खड़े गन्ने का री सर्व नहीं हो पा रहा है।

यह सर्वे 5 फरवरी तक करने के निर्देश गन्ना आयुक्त ने दिए हैं। एडिशनल चार्ज संभाले वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मधुकर आशुतोष का कहना है इस समय एसआईआर के कार्यों में लगे हैं, जिससे वह यहां समय नहीं दे पा रहे हैं।

फिर भी उन्होंने गन्ना विकास परिषद के फील्ड कर्मचारियों को दोबारा सर्वे करने के निर्देश दे दिए हैं।

# विद्यार्थी अपने दांतों की न करें अनदेखी, रखें ख्याल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार : गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को दंत चिकित्सक ने बच्चों को दांत की विभिन्न समस्याओं, उनसे सम्बंधित रोगों और उनके इलाज की जानकारी देते हुए कहा कि दांतों की अनदेखी कतई न करें।

रात में सोने से पहले या मीठा खाने के बाद ब्रश जरूर करना चाहिए।नगर के दंत चिकित्सक डॉ कमलेश वर्मा ने गांधी विद्यालय में विद्यार्थियों के दांत चेक किए। उन्होंने बताया कि कैविटी, मसूड़ों से खून आना, संवेदनशीलता, ठंडा गर्म लगना, दर्द और बदबू, दांतों का आड़ा तिरछा होना दांतों की प्रमुख समस्याएं होती हैं। घरेलू उपचारों गर्म पानी में नमक मिला कर कुल्ला करने, फ्लोराइड युक्त पेस्ट से ब्रश करने, मीठे पदार्थों के सीमित सेवन प्रति छह माह पर डेन्टिस्ट को दांतों को दिखाने से कुछ हद तक दांतों की समस्या दूर की जा सकती है। कहा कि रात में सोने से पहले भी ब्रश करना जरूरी है, ताकि मुंह के बैक्टीरिया हट सके। दांतों को सड़न से बचाव के लिए रात में मीठा खाने के बाद भी ब्रश करने की आदत डालनी चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने डॉ. कमलेश वर्मा का आभार व्यक्त किया। राम सनेही, डॉ. राजेश कुमार सहित स्टाफ मौजूद रहा।



दांतों का परीक्षण करते डॉ. कमलेश वर्मा।

# जिला विकास अनुश्रवण समिति के अध्यक्ष बने रोमी

पलिया कलां, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पलिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमी साहनी को जिला विकास अनुश्रवण समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा गठित एक जिला स्तरीय संस्था है, जिसकी अध्यक्षता संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि करते हैं। इस समिति का मुख्य उद्देश्य केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा आदि का जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, ताकि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके।



# केंद्रीय बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अटल सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री ने की प्रेस वार्ता
- बोले- मील का पत्थर साबित होगा वित्त मंत्री का बजट

अमृत विचार : जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि हाल में ही पेश हुआ वर्ष 2026-27 का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत व आत्मनिर्भर 2047 संकल्प के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वर्ष 2026-27 के इस केंद्रीय बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया गया है, जो प्रधानमंत्री के संकल्प में मील का पत्थर साबित होगा।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पिछले दिनों केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश यह बजट आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया है। बजट का कुल आकार 53.47 लाख करोड़ रखा गया है। सरकार ने इस बजट में घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, आयात पर निर्भरता घटाने, रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता बढ़ाने तथा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं के विस्तार पर फोकस किया है। यह बजट को युवा, गरीब, किसान और महिलाओं को समर्पित है। खासबात यह है कि बीते वर्ष की तुलना में यह काफी भारी भरकम बजट है। वित्तीय वर्ष के बजट की तुलना में शिक्षा विभागः को 1,39,289 करोड़, स्वास्थ्य विभाग 1,06,530 करोड़, रक्षा विभागः 7,84,678 करोड़ (15.3% की वृद्धि), कृषि एवं किसान कल्याणः 1,40,528 करोड़, ग्रामीण विकासः 1,97,023 करोड़, सड़क एवं राजमार्गः 3,09,875 करोड़, गृह विभागः 2,55,233 करोड़, रेलवे 2,81,377 करोड़ है, जो वित्तीय वर्ष 2025–26 की तुलना में शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, सड़क और रेल क्षेत्र के बजट में वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्री ने तीन प्रमुख कर्तव्यों पर जोर दिया है, जिसमें उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाते हुए तेज और सतत विकास सुनिश्चित करना। लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनकी क्षमताओं का निर्माण करना।

यह सुनिश्चित करना कि विकास का लाभ प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और प्रदेश तक पहुंचे। बजट में परिवहन नेटवर्क, उद्योगों और लॉजिस्टिक्स को गति देने के लिए सड़क, रेल और अन्य बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार का उद्देश्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, प्रभारी डीएम सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता समेत कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता करते जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल। ● अमृत विचार

# बाजार पर चढ़ा सहालग का रंग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- दो माह बाद शुरू हुए मांगलिक कार्य, बारात घर गेस्ट हाउस सज कर तैयार

अमृत विचारःमांगलिक कार्यों के शुरुआत हो गई है। दो माह के अंतराल के बाद प्रारंभ हुए मांगलिक कार्यों का शुभ मुहूर्त शुरू होते ही शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी है। वहीं बाजारों में दुकानों पर खरीदारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। बारात घरों, मैरिज लॉन में सजावट देखी जा रही है। साथ ही ब्यूटी पार्लरों में भी रौनक दिखाई देने लगी है।

हर बार मकर संक्रांति के बाद से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते थे। परंतु इस बार मांगलिक कार्य पांच फरवरी से शुरू हुए हैं। जिन घरों में विवाह समारोह का आयोजन होना है, उन घरों में पहले से ही तैयारी चल रही थी। बारात घर, मैरिज लॉन और होटल पहले से ही बुक किए जा चुके थे। वहीं ब्यूटी पार्लर, बैंड बाजा , कैटरिंग, फोटोग्राफी, कारीगर आदि पहले से ही ऑर्डर दिए जा चुके थे। विवाह समारोहों को लेकर बाजार में हलचल काफी बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को बाजार में दुकानों पर अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़भाड़ दिखाई दी। लोग रेडीमेड कपड़े, जूता, चप्पल और कॉस्मेटिक की दुकानों पर खरीदारी करते दिखाई दिए। ठंड की वजह से मंदी से गुजर रहे कारोबारी भी ग्राहकों की भीड़ देखकर खुश दिखाई दिए। व्यापारियों का कहना है कि लंबे अंतराल के बाद शुरू हुए सहालग के दौरान कारोबार में तेजी आई है और मंडी का असर कुछ हद तक कम हुआ है।

कपड़ा व्यापारी सौरभ सिंह, दीपक अग्रवाल, दिनेश गुप्ता आदि ने बताया कि सहालग शुरू हो गए हैं, कई दिनों से बाजार में मंदी का दौर था, अब ग्राहक आने लगे हैं। विवाह का सीजन शुरू होने से शेरवानी लहंगा की मांग अधिक है। बताया कि दुकान में चार हजार से लेकर 40 हजार तक के लहंगे और शेरवानी मौजूद हैं, जिसे लोग पसंद भी कर रहे हैं।

### मैरिज लॉन की हो चुकी एडवांस बुकिंग

नगर में 40 से अधिक मैरिज लॉन, गेस्ट हाउस उपलब्ध हैं। सहालग शुरू होने से पूर्व ही इनमें रंग रोगन सजावट आदि का काम चल रहा था। सहालग में शुभ मुहूर्त पर होने वाले कार्य की वजह से इन सभी के पास ऑर्डर पहले से लगे हैं। बृहस्पतिवार को नगर में 20 से अधिक मैरिज लाइन में शहनाई की गूंज सुनाई दी।

# पंचायत भवन से कंप्यूटर-इनवर्टर चोरी

धौरहरा, अमृत विचार : गांव हरदी स्थित पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर पंचायत भवन से पूरा कंप्यूटर सेट समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव हरदी निवासी पंचायत सहायक रवीन्द्र कुमार ने बताया कि पंचायत भवन से चोर डेस्कटॉप, मॉनिटर, की-बोर्ड, माउस, सीपीयू के साथ-साथ एक बैटरा, एक इनवर्टर और एक हार्ड डिस्क चोरी कर ले गए। सुबह पंचायत भवन पहुंचने पर ताले टूटे मिले और अंदर रखा सामान गायब था। चोरी की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। पंचायत सहायक की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच विनोद कुमार द्विवेदी को सौंपी गई है।

# दिव्यांग पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गुटखा बेचने को लेकर हुआ विवाद

अमृत विचार : थाना भीरा क्षेत्र में पान-पुड़िया की बिक्री को लेकर हुए विवाद में एक दिव्यांग दुकानदार के साथ मारपीट की गई। आरोपी ने पड़ोसी दुकानदार और उसके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया।

कस्बा भीरा निवासी लालू ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे वह अपनी पान-पुड़िया की खोखा दुकान पर बैठा था। उसी दौरान एक ग्राहक पुड़िया लेने आया, जिस पर वह 10 रुपये में 3 पुड़िया दे रहा था। आरोप है कि पास में ही दुकान लगाए नेपाली 10 रुपये में 4 पुड़िया बेच रहा था, इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि नेपाली, उसकी पत्नी कौलिया और विनेश ने उसे गालियां देते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने बताया कि वह एक पैर से दिव्यांग है। इसके बावजूद आरोपियों ने बेरहमी से उसकी पिटाई की। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई अवनीश कुमार को सौंपी गई है। घायल को अस्पताल भेजा गया है।

# घर में घुसा तेंदुआ, बकरी को बनाया निवाला

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : भारत-नेपाल सीमा पर स्थित कोतवाली तिकुनिया की ग्राम पंचायत कड़िया के किशनगर में बुधवार की रात उस समय हड़कंप मच गया। जब तेंदुआ आबादी में घुस आया और एक ग्रामीण की बकरी को घर के अंदर से उठा ले गया। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गांव किशन नगर निवासी बिफू ने बताया कि उनकी बकरी घर के अंदर बंधी थी। रात में तेंदुआ घर के अंदर घुस आया और बकरी को उठाकर ले गया। कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर घरवाले जागे तो देखा कि तेंदुआ बकरी को जबड़े में दबाकर घसीटते हुए ले जा रहा था। शोर मचाने और पीछा करने पर तेंदुआ बकरी को लेकर कुछ दूर तक भागा। इसके बाद बकरी को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। तेंदुए के हमले में बकरी की मौके पर ही मौत हो गई।

# हाथियों के झुंड ने दो एकड़ गन्ने की फसल रौंदकर की तहस-नहस

संवाददाता, मझगईं

- हाथियों को जंगल से बाहर आने से नहीं रोक पा रहा वन विभाग

अमृत विचार : कभी बाघ तो कभी तेंदुआ के साथ ही अब हाथियों ने भी चौखड़ा फार्म को अपने निशाने पर ले लिया है। बुधवार की रात दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल से निकले हाथियों के झुंड ने दो एकड़ गन्ने की फसल को रौंदकर उजाड़ दी। मंगलवार की रात में भी हाथियों ने दस एकड़ फसल को बर्बाद किया था।

मझगई रेंज के चौखड़ा फार्म में बुधवार देर रात पार्क के जंगल से निकलकर आए जंगली हाथियों के झुंड ने खलला गुरुद्वारा के पास स्थित किसानों जगदीप सिंह व मोहम्मद खान के खेतों में जमकर तांडव मचाया। हाथियों ने खड़ी गन्ने की फसल को रौंदकर तहस-नहस कर दिया। किसानों के अनुसार उन्होंने कर्ज लेकर और खून-पसीना बहाकर फसल तैयार की थी, पर्ची आने का इंतजार ही कर रहे थे कि उससे पहले हाथियों ने पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।

गुरुवार सुबह जब किसान खेतों की ओर पहुंचे तो बर्बाद फसल देखकर उनके होश उड़ गए और वे मायूस होकर खेतों में ही बैठ गए। किसानों का कहना है कि हाथियों का झुंड आए दिन जंगल से बाहर निकलकर खेतिहर इलाकों में उत्पात मचा रहा है। मंगलवार की रात भी हाथियों का झुंड इसी इलाके में पहुंचा था और करीब 10 एकड़ गन्ने की फसल तबाह कर दी थी, लेकिन वन विभाग और पार्क प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस और कारगर कदम नहीं उठाया गया है, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

वन क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि किसानों की फसल क्षति का आकलन कर लिया गया है।



खलला गुरुद्वारे के निकट रौंदा पड़ा गन्ना। ● अमृत विचार

# डॉ. ख्याति गर्ग लखीमपुर खीरी की एसपी बनीं

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: शासन ने बुधवार की देर शाम आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं, जिसमें प्रमोशन पाकर डीआईजी बने संकल्प शर्मा को कमिश्नरेट कानपुर का संयुक्त पुलिस आयुक्त के पद पर भेजा है। उनके स्थान पर 09 वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद की सेनानायक ख्याति गर्ग को लखीमपुर खीरी का नया पुलिस अधीक्षक बनाया है। उनके देर शाम तक लखीमपुर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आईपीएस डॉ. ख्याति गर्ग उत्तर प्रदेश कैडर की 2013 बैच की एक मेधावी आईपीएस अधिकारी हैं। वह मूलतः हरियाणा की रहने वाली हैं। उन्होंने अमेठी में अपनी तैनाती के दौरान कॉप टॉक जैसी नवीन और जनसंवाद केंद्रित अपनी अलग पहचान बनाई। वह तेज तर्रार और अनुशासित अफसरों में मानी जाती हैं।



# किसानों को शुद्ध बीज उपयोग करने की दी सलाह

संवाददाता, धौरहरा

- गोविंद शुगर मिल ऐरा की ओर से गन्ना प्रदर्शन प्लॉट की बुवाई कराई

अमृत विचार : बसंत कालीन गन्ना बुवाई के तहत गुरुवार को गांव अकठी में प्रगतिशील किसान पैकरमा प्रसाद के प्लॉट पर गोविंद शुगर मिल ऐरा ने गन्ना प्रदर्शन प्लॉट की बुवाई कराई।

बुवाई से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार किया गया, जिसके बाद 0118 प्रजाति के गन्ने की बुवाई की गई। बुवाई में लाइन से लाइन की दूरी चार फीट रखी गई व दो आंख के उपचारित टुकड़ों का प्रयोग किया गया। शुगर मिल के रीजनल हेड यादवेन्द्र प्रताप राव ने किसानों को गन्ना बुवाई में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर गन्ना बीज की प्रजाति बदलकर किसानों को गलत बीज दिया जा रहा है, जो नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसी भी स्थिति में गन्ना विकास परिषद के अधिकारी या चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारियों की जानकारी में लाए बिना दूसरे क्षेत्रों से गन्ना बीज न लाएं।

गोविंद शुगर मिल ने इस बार बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए किसानों के हित में दवाओं एवं कृषि यंत्रों पर सब्सिडी भी दी जा रही है। कार्यक्रम में चीनी मिल के अधिकारी सतेन्द्र तोमर, बृजेश अवस्थी, अनुज सिंह, पप्पू कश्यप सहित किसान विनोद कुमार, जगनमोहन, रामछल समेत कई किसान मौजूद रहे।



पूजा-अर्चना के बाद गन्ना बुवाई करते गोविंद शुगर मिल के रीजनल हेड यादवेंद्र प्रताप राव व अन्य लोग। ● अमृत विचार

### गोविंद शुगर मिल ऐरा का 180 लाख क्विंटल पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया

गोविंद शुगर मिल ऐरा की एडवाइजर फौजिया तरन्नुम ने बताया कि गन्ना आपूर्ति सत्र 2025–26 के लिए चीनी मिल का 180 लाख क्विंटल पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी तक 103 लाख क्विंटल गन्ने की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि 14 दिनों में भुगतान की घोषणा के क्रम में 15 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेजा जा चुका है। वर्तमान में चीनी मिल में प्रतिदिन लगभग एक लाख पांच हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की जा रही है। किसान अपना गन्ना अपने नाम से ही चीनी मिल को आपूर्ति करें। अपना बेसिक कोटा अवश्य बनवाएं।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
*पतले-दुबले *गाल पिचके *कमजोर स्त्री-पुरुष *मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 फरवरी 2026, रविवार 22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# शहर में ओवरब्रिज की लाइटें खराब निरीक्षण में सामने आई हकीकत

## अधिशासी अभियंता को लगाई फटकार, लाइटें तत्काल ठीक करने के निर्देश

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● ठंड और कोहरे में अंधेरी सड़कें देख सीडीओ सख्त

**अमृत विचार :** शहर में राजापुर से लेकर छाउछ तक आरओबी (ओवरब्रिज) पर लगीं स्ट्रीट लाइटें खराब हो गई हैं, जिससे ठंड और कोहरे में हादसे की आशंका है, लेकिन एनएचएआई के जिम्मेदार आंखें मूदे हैं।

बुधवार की रात सीडीओ अभिषेक कुमार ने निरीक्षण किया तो हकीकत सामने आई गई। सीडीओ ने जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजापुर-छाउछ आरओबी से लालपुर तक सड़क मार्ग का रात में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद पाई गईं, जिस पर सीडीओ ने एनएच अधिशासी अभियंता शुभ नारायण को जमकर फटकार लगाई और सभी लाइट तुरंत चालू कराने के सख्त आदेश दिए। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अब सड़कें अंधेरे और कोहरे में लोगों के लिए खतरे का कारण नहीं बनेंगी। उन्होंने भविष्य की तैयारियों पर भी जोर देते हुए कहा कि राजापुर चौराहे से नहर पटरी तक फोरलेन मार्ग पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पीडब्ल्यूडी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश देते हुए सीडीओ ने कहा कि अब सड़कें सिर्फ गाड़ी चलाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा का पैमाना होंगी।



शहर में आरओबी पर लगीं स्ट्रीट लाइट खराब होने से छाया अंधेरा। ● अमृत विचार

### फ्लाईओवर की लापरवाही पर शिकंजा

फ्लाईओवर में गुणवत्ताविहीन निर्माण पर घेरा, अधिशासी अभियंता से मांगा जवाब सीडीओ अभिषेक कुमार ने गोला-फरधान फ्लाईओवर निर्माण में भारी लापरवाही पर प्रशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने अधिशासी अभियंता शुभ नारायण को पत्र जारी करते हुए साफ निर्देश दिए कि कई वर्षों से अधूरा पड़ा फ्लाईओवर अब गुणवत्ताविहीन और मानकविरुद्ध निर्माण की वजह से सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए खतरा बन सकता है। सीडीओ ने कहा कि फ्लाईओवर की संरचना और सतह इतनी खराब स्थिति में है कि भविष्य में किसी गंभीर दुर्घटना की संभावना है। उन्होंने अभियंता को स्वयं स्थल पर जाकर जांच करने, आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने और तीन दिन के भीतर फोटोग्राफ सहित सुस्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार की इस सख्त कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि अब किसी भी निर्माण एजेंसी द्वारा जनता की सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कोचिंग में पढ़ने गई दो किशोरियों से छेड़छाड़ का प्रयास

**पसगवां, अमृत विचार :** उचौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की दो किशोरियां पसगवां में कोचिंग पढ़ने आई.। दोनों के साथ चार मनचलों ने छेड़छाड़ का प्रयास किया। गाली गलौज करते हुए दोनों का पीछा किया। तभी एक गांव के लोगों के एकत्र हो जाने पर शोहदे बाइक छोड़कर भाग गए। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। उचौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की दो किशोरियां पसगवां में कोचिंग पढ़ने पैदल आ रही थी। पसगवां में शारदा नहर पुल पर बाइक सवार शोहदों ने छेड़छाड़ का प्रयास किया तो दोनों तेज गति से भागीं। इसी बीच थोड़ी दूर पर गांव मढ़िया में लोग एकत्र हो गए। यह गांव थाना उचौलिया में आता है। लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी बाइक छोड़कर भाग गए। घटना की सूचना उचौलिया पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने आरोपियों की बाइक कब्जे में ले ली है। प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि घटना पसगवां थाना क्षेत्र की है, लेकिन वह आरोपियों के पकड़वाने की कोशिश में हैं।

# मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली गई शिव बारात



शिव बारात में शामिल झांकी के साथ श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** जंगबहादुरगंज कस्बे में प्राचीन शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले गुरुवार को शिव बारात निकाली गई।

जंगबहादुरगंज निवासी और सल्लिया के पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह और भाई मनजीत सिंह ने इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया है। शिव परिवार सहित अन्य दिव्य मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए यह बारात में शिव परिवार की मूर्तियों के साथ-साथ नंदेश्वर, विष्णु-लक्ष्मी, सीता-राम, राधा-कृष्ण, हनुमान जी, दुर्गा जी और साईं बाबा की मूर्तियां भी शामिल थीं। बारात कस्बे के दो शिवालयों से होकर मढ़िया घाट स्थित ऋषि पाराशर की तपस्थली गई और पूजा-अर्चना की।

बारात की वापसी पर भक्तों भोलेनाथ, जय श्री राम, राधा कृष्ण और ''बालाजी महाराज के जयकारे लगाए। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और रंग-गुलाल के साथ खुशी मनाते हुए भक्त भजनों पर झूमते नजर आए। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# श्रीराम और ऋषियों के मिलन का सुनाया प्रसंग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** बाबा धर्मेश्वरनाथ मंदिर पर हो रही कथा में नैमिषधाम के कथाव्यास पंकज महारथी ने गुरुवार को भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान संतो, ऋषियों के आश्रम में पहुंचकर उनसे आशीर्वाद, दिव्या शस्त्र प्राप्त करने का प्रसंग सुनाया।

गुरुवार को कथाव्यास ने सुनाया कि देवी अनुसूया ने माता सीता को पातिव्रत्य धर्म का उपदेश दिया और उन्हें दिव्य वस्त्र और आभूषण प्रदान किए। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण ने बहुत से दिव्य, अलौकिक संतो, ऋषियों के दर्शन किए और उनसे दिव्य अस्त्र, आशीर्वाद प्राप्त किया। महर्षि शरभंग, अत्रि मुनि के आश्रम से आगे बढ़ते हुए श्रीराम ने महर्षि शरभंग से मुलाकात की। सुनाया कि यह वही स्थान था, जहां श्रीराम ने राक्षसों की हड्डियों का ढेर देखा था और उन्होंने राक्षसों को खत्म करने की प्रतिज्ञा ली थी। इसके बाद श्री राम, सीता और लक्ष्मण दंडकारण्य में 21 ऋषि समूहों से मिले और उनसे राजधर्म सीखा। ऋषियों की समस्याएं सुनी। 10 वर्ष तक कुटी बनाकर प्रभु श्रीराम दंडकारण्य में रहे। कथा में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, विजय बाजपेयी, विजय प्रकाश मिश्रा, प्रेमप्रकाश मिश्रा, राजेश दीक्षित, निरंजना मिश्रा, प्रेमलता दीक्षित, प्रियंका, प्राची, शीतल आदि मौजूद रही।



गोला में कथा सुनाते पंकज महारथी। ● अमृत विचार

# पारंपरिक वेशभूषा में 22 को निकलेगी पालकी यात्रा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● धूमधाम से शिव उत्सव मनाने की तैयारियां तेज, घरों में जलेंगे दीये

**अमृत विचार :** छोटी काशी में 22 फरवरी रविवार को धूमधाम से शिव उत्सव मनाया जाएगा और नगर में पहली बार पौराणिक शिव मंदिर से पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाली जाएगी। इसमें शामिल लोग पारंपरिक वेशभूषा में रहेंगे। उत्सव को आने वाले वर्षों में भी बढ़-चढ़कर मनाने की तैयारी के चलते मुन्नूगंज मोहल्ले में हुई बैठक में विधायक अमन गिरि ने रूपरेखा तय की।

नगर के मोहल्ला मन्नूगंज में सभासद आनंद सोनी द्वारा आयोजित वार्ड की बैठक में विधायक अमन गिरि ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 फरवरी 2025 को पौराणिक शिव मंदिर में शिव मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला रखी थी। इस ऐतिहासिक दिवस को प्रतिवर्ष 22 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। आगामी 22 फरवरी को इस दिवस को शिव उत्सव के रूप में धूमधाम से बनाने के लिए आप सभी लोगों के सहयोग से इस दिवस को यादगार बनाने की तैयारी को लेकर नगर के सभी वार्डों में बैठके की जा रही है।

कहा कि पौराणिक शिव मंदिर से पालकी यात्रा नगर के सभी प्रमुख मार्गों पर निकाली जाएगी और यात्रा का समापन शिव मंदिर में पूजन, अर्चन के साथ होगा। पालकी यात्रा में शामिल लोग धोती और गमछे में और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में रहेंगी, जिससे यात्रा की शोभा में चार चांद लगेंगे और इसका संदेश भी दूर तक जाएगा। उन्होंने सभी से घरों, आसपास मंदिरों में 12 ज्योतिर्लिंग को समर्पित 12 दीए जलाने की बात कही।

सभी ने शिव उत्सव धूमधाम से मनाए जाने पर सहमत व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके व नगर लिए गौरव की बात होगी। सभासद आनंद सोनी ने विधायक को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता पब्लिक इंटर कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रवक्ता सुधीश शुक्ला ने की और संचालन पारस वर्मा ने किया। बैठक में सुरेंद्र शर्मा, खन्ना वर्मा, रामगुलाम पांडे, राजेश सिंह, अभय सोनी, सचिन सिंह, आयुष शुक्ला सहित तमाम वार्ड वासी मौजूद रहे।



गोला की सभा में मंचासीन विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

# डायबिटीज, मोटापा और इन्फ्लामेट्री रोग कैंसर के प्रमुख कारण : डॉ. वाणी

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● विश्व कैंसर दिवस पर मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक कार्यक्रम का किया आयोजन

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। आरंभ प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. वाणी गुप्ता ने किया। इस दौरान गेस्ट लेक्चरर्स ने विद्यार्थियों को विषय से संबंधित विस्तृत एवं वैज्ञानिक जानकारी दी।

प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. वाणी गुप्ता ने कहा कि मधुमेह (डायबिटीज) गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है, जिसके प्रभावी नियंत्रण के लिए चिकित्सकों का निरंतर अद्यतन रहना जरूरी है। कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका प्राथमिक स्तर पर समय रहते पता लगना बेहद जरूरी है, ताकि उचित उपचार द्वारा रोगी की जान बचाई जा सके। डायबिटीज, मोटापा एवं इन्फ्लामेट्री बीमारियां कैंसर के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। इसलिए इन गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान डायबिटीज डिस्टिल्ड शीर्षक से विशेष गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ नरसिंह वर्मा एवं अध्यक्ष डॉ अनुज महेश्वरी ने डायबिटीज के क्लीनिकल, व्यवहारिक एवं आधुनिक उपचार पहलुओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने डायबिटीज की मूलभूत समझ, नवीन शोध, साक्ष्य आधारित उपचार रणनीतियों, जीवनशैली में बदलाव, दवाओं के सही चयन तथा दीर्घकालिक जटिलताओं की रोकथाम पर जानकारी साझा की। मेडिकल छात्रों को डायबिटीज और कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों को प्रारंभिक स्तर पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने और भविष्य में बेहतर चिकित्सक बनने के लिए प्रेरित किया गया। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिनमें एमबीबीएस प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र, जूनियर व सीनियर रेजीडेंट तथा फैकल्टी सदस्य शामिल रहे।



कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वाणी गुप्ता।

# हाईवे पर खड़ी ट्राली में बाइक के टकराने से एक की मौत

**बरवर, अमृत विचार :** बरवर-मोहम्मदी मार्ग पर कस्बे से एक किमी दूर गांव गलरई के पास गुरुवार की सुबह सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसी बाइक पर सवार दो बच्चों सहित तीन लोग घायल हो गए। मितौली थाना के ग्राम उदारा निवासी हरिकेश (28) अपने बच्चों पुष्कर (8) व आराध्या (10) और उसी गांव के हरि प्रकाश (35) को बिठाकर मोहम्मदी की ओर से अपने गांव को जा रहे थे। गलरई गांव के पास हाईवे पर एक ट्राली खड़ी थी। सुबह घने कोहरे के बीच बाइक इसी खड़ी ट्राली में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी उछलकर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची बरवर पुलिस ने 108 एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी भेजा लेकिन हरि प्रकाश ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घायलों का इलाज सीएचसी में किया गया।

# लखीमपुर अकादमी ने जीता मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का किया आयोजन

**अमृत विचार :** रॉयल फूड्स डिग्री कॉलेज मैदान पर अंडर-16 स्वर्गीय अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का उद्घाटन मुकाबला लखीमपुर क्रिकेट अकादमी एवं रॉयल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात टॉस जीतकर रॉयल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन पूरी टीम 118 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से एरिन ने 31 रन तथा धर्मवीर ने 22 रन का योगदान दिया। लखीमपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए प्रांजल सिंह और हर्षित ने चार-चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखीमपुर क्रिकेट अकादमी ने 19.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 122 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से हर्षित ने 27 रन, प्रांजल ने 24 रन, तनय ने 21 रन तथा अंशुमन ने नाबाद 18 रन बनाए। रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से धर्मवीर ने 3 विकेट हासिल किए। अपने उत्कृष्ट हरफनमौला प्रदर्शन के लिए हर्षित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। यह पुरस्कार राम जी एवं श्याम मोहन द्वारा प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में अभिषेक शुक्ला, अनुपम त्रिपाठी, रश्मि त्रिपाठी, पारिजात त्रिपाठी, अनिल शुक्ला, रचना शुक्ला, रामजी कश्यप, विशाल वर्मा, मालिक इरफान, नीरज शुक्ला, श्याम मोहन श्रीवास्तव, रवि शंकर आदि मौजूद रहे।



विजयी खिलाड़ी को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

# धनुष यज्ञ मेला में श्रीराम जन्म का किया मंचन



तुरन्तनाथ मंदिर पर राम जन्म का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार :** गोला तहसील क्षेत्र के गांव कपरहा के मजरा तेन्दुआ में तुरंतनाथ मन्दिर पर पौराणिक धनुष यज्ञ मेले में तीसरे दिन कलाकरों के राम जन्म का मंचन किया।

कलाकारों ने मंचन में दिखाया कि जब राजा दशरथ को ग्लानि हुई तो वह नंगे पैरो से दौड़कर अपने गुरू के पास गये और उनसे अनुनय-विनय करने लगे कि मेरे कोई पुत्र नही है मै निरवंशी हूं, तो श्रृषि ने कहा जाओ तुम्हारे चार पुत्र होगे, तुम श्रंगी श्रृषि को बुलाकर पुत्रेश्ठि यज्ञ कराओ, तो राजा दशरथ ने ऐसा ही किया। यज्ञ के दौरान अग्नि देवता प्रगट हुये और उन्होने खीर का कटोरा देकर सभी रानियों को बराबर बराबर बांटने के लिये कहा। इस अवसर पर आयोजक उमाशकर मिश्र, ललुआ सेठ, मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजू वर्मा, राधेश्याम वर्मा, गौरव शुक्ला, लालता प्रसाद पुजारी, आशाराम शुक्ला, तिलक राम, मुनेश दिक्षित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ठगी की साजिश नाकाम, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आया था विदेशी नागरिक
● ढखेरवा रोड स्थित ढाबे पर पुलिस ने डील करते दबोचा

**अमृत विचार:** थाना निघासन क्षेत्र में रेड मर्करी जैसे कथित दुर्लभ और कीमती पदार्थ की आड़ में विदेशी नागरिक से ठगी की साजिश रचने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। निघासन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी बाइक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, दक्षिण कोरिया का एक युवक सोशल मीडिया के जरिए आरोपियों के संपर्क में आया था। आरोपियों ने उसे रेड मर्करी होने का दावा करते हुए भारी रकम में सौदा तय करने का झांसा दिया। आरोपियों के बहकावे में आकर विदेशी नागरिक गुरुवार को लखनऊ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां से उसने कैब बुक कर निघासन कस्बे के ढखेरवा रोड स्थित एक ढाबे पर पहुंचकर आरोपियों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि ढाबे पर बातचीत के दौरान आरोपी युवक से बड़ी रकम ऐंठने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच किसी माध्यम से निघासन पुलिस को मामले की सूचना मिल गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर छापा मार दिया। पुलिस को देखकर आरोपी घबरा गए, जिसमें थाना पढुआ क्षेत्र के गांव सोठियाना निवासी वसीक और रिहान को मौके से पकड़ लिया गया, जबकि उनका तीसरा साथी कल्लू बाइक लेकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों और दक्षिण कोरियाई नागरिक को थाने ले आई, जहां उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी रिहान ने बताया कि उसकी विदेशी नागरिक से रेड मर्करी को लेकर इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बातचीत हुई थी। उसने यह भी स्वीकार किया कि इसी बातचीत के आधार पर विदेशी नागरिक को निघासन बुलाया गया था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपियों के पास वास्तव में कोई संदिग्ध पदार्थ था या नहीं, अथवा यह पूरी तरह से ठगी की योजना थी। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं यह गिरोह पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम तो नहीं दे चुका है। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने बताया कि विदेशी नागरिक से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। फरार आरोपी कल्लू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।



आरोपियों के साथ दक्षिण कोरिया का युवक।

# सीएम योगी से मिलीं डीएम विकास कार्यों की प्रगति बताई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति से उन्हें अवगत कराया।

जिले से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक, विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी विषयों पर मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। भेंट के दौरान डीएम ने मुख्यमंत्री को बताया कि जनपद में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सिंचाई, कृषि एवं ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए प्रशासन सतत प्रयासरत है। साथ ही शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जन सहभागिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। साथ ही कानून-व्यवस्था, राजस्व कार्यों, निवेश प्रोत्साहन एवं रोजगार सृजन जैसे विषयों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने जनपद की ओर से मुख्यमंत्री को आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक छोटी काशी के पवित्र शिवलिंग की प्रतिमा भेंट की।



सीएम को शिवलिंग प्रतिमा भेंट करतीं डीएम।

न्यूज ब्रीफ

### नगरीय विकास पर अब ज्यादा खर्च कर सकेगा नगर निगम

**बरेली, अमृत विचार :** नए वित्तीय वर्ष के साथ ही 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होने जा रही हैं, जिससे नगर निगमों की तिजोरी में ज्यादा धन आने की संभावना बढ़ गई है। अधिकारियों के अनुसार, मौजूदा 15वें वित्त आयोग के मुकाबले नए वित्त आयोग से निगम को करीब 9 फीसदी अधिक धनराशि मिलगी। यह राशि नगर निगमों के आधारभूत ढांचे को सुधारने और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में खर्च की जाएगी। नई किस्त अप्रैल से आरंभ होने जा रहे नए वित्तीय वर्ष के बाद जारी होगी। नगर निगम के अधिकारी बताते हैं कि केंद्र सरकार राज्यों के जरिये नगर निकायों की मदद के लिए अनुदान के तौर पर यह रकम देती है। मौजूदा वित्त आयोग की सिफारिशों के जरिये शहरी निकायों को स्थानीय निकाय निधि में केवल 36 फीसदी धनराशि दी जाती थी, लेकिन नए वित्त आयोग में इस रकम को बढ़ाया गया है।

### रुविवि में वतन को जानो में दिखेगी कश्मीरी झलक

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भारत सरकार के मेरा युवा भारत अभियान के तहत छह दिवसीय वतन को जानो कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को होगी। आयोजन में गृह मंत्रालय और खेल मंत्रालय के सहयोग से कश्मीर के छह जिलों अनंतनाग, पुलवामा, कुपवाड़ा, बारामुला, बडगाम और श्रीनगर से आए 132 युवा हिस्सा लेंगे। ये 18 से 25 वर्ष के युवा छह दिनों तक बरेली की मेहमाननवाजी का आनंद लेंगे और भारतीय संस्कृति की विविधता को करीब से जानेंगे। जिला युवा अधिकारी कार्यालय ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार को विश्वविद्यालय में आयोजित कॉन्फ्रेंस में भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की उप निदेशक पुष्पा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का हर दिन खास होगा। सुबह की शुरुआत योग, स्वच्छता और श्रमदान से होगी, जबकि शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम रहेगी।

### धौरेरा माफी व कमुआ कलां की मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले मतदाता सूची का वृहद पुनरीक्षण कार्य कराया जा रहा है। पुनरीक्षण कार्य में पंचायत की मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा कर नाम शामिल करने की तमाम शिकायतें पहुंचने लगी हैं। ग्राम पंचायत धौरेरा माफी और कमुआ कलां की वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़ा होने की लिखित शिकायत मिलने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने जांच बैठाई है। एसडीएम सदर को जांच करने के लिए पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं।

# कटर से कार को काटकर निकाला चालक का शव

## गोला-लखीमपुर मार्ग पर हुए हादसे के बाद एसडीएम ने दिखाई तत्परता, घायलों के इलाज की खुद संभाली कमान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** गोला-लखीमपुर मार्ग पर थाना गोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिसौरा के समीप गुरुवार अलसुबह घने कोहरे के चलते एक सड़क दुर्घटना घटित हुई, जिसमें एक कार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन, प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लेकर राहत-बचाव कार्य तेज कराया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे चालक संतोष सिंह को बाहर निकालने का भरसक प्रयास किया किंतु कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से असफल रहने पर पुलिस ने कटर से कार काटकर चालक के शव को बाहर निकाला। परिवार के मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिये बहराइच के एक ही परिवार के छह लोग बुधवार की रात में खुशी खुशी माहौल कार से घर वापस जा रहे थे, किंतु नीयत को कुछ और ही मंजूर था कि गुरुवार सुबह घने कोहरे में कोतवाली क्षेत्र के गोला लखीमपुर रोड स्थित जलालपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।



गाला लखीमपुर रोड पर घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार



संतोष सिंह।



सुनील सिंह



सुधा सिंह।

हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन, प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लेकर राहत-बचाव कार्य तेज कराया। इसके बाद दोनों अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंभी गोला पहुंचे, जहां घायलों के उपचार की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। वही हालत गंभीर होने पर रेफर मरीज को भिजवाया। एसडीएम गोला ने बताया कि गंभीर रूप से घायल मुकेश सिंह (25) को पहले जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी और वहां से बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है।

लखनऊ ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को पूरी मदद दी जा रही है।



सीएचसी में मौजूद एसडीएम, सीओ और कोतवाल। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने सड़क हादसे का लिया संज्ञान, जताया शोक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोला क्षेत्र में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेज करने और घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### शादी वाले घर में मचा कोहराम

सड़क हादसे में घायल प्रवेश सिंह ने बताया कि कार चालक संतोष सिंह की बहन का गुरुवार को तिलक होना था और आठ फरवरी को शादी तय थी। साथ ही आठ फरवरी को मुकेश का तिलक और 10 फरवरी को शादी होनी थी। परिवार में एक साथ दो शादियों के कारण कार में सवार सभी लोग काफी खुशियों से ओतप्रोत थे। प्रवेश सिंह ने बताया कि हादसा कोहरे के कारण हुआ है। कार कैसे टकराई यह पता नहीं चला। घर में मेहमानों के आने-जाने, रस्मों की तैयारी और खुशियों का माहौल बना हुआ था। परिजन सुबह से ही आयोजन की अंतिम तैयारियों में जुटे थे। इसी बीच सड़क हादसे की सूचना घर पहुंची तो चीख-पुकार मच गई। जिन दीवारों पर शादी की रौनक थी, वहां अचानक सन्नाटा छा गया। परिजन बदहवास हो उठे और खुशी का आंगन शोक में डूब गया। खबर फैलते ही गांव और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई, लोग सांत्वना देने गांव पहुंचने लगे।

### पड़रिया तुला में ढाबा संचालक की अचानक गिरकर मौत


**बिजुआ, अमृत विचार :** पड़रिया तुला कस्बे में बुधवार देर रात ढाबे के अंदर अचानक गिरने से ढाबा संचालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

पहाड़ापुर सवारान निवासी रिंकू बाथम (45) पुत्र रामचन्द्र बाथम पड़रिया तुला कस्बे में लखीमपुर-भीरा राजामार्ग पर ढाबा संचालित करते थे। बुधवार रात ग्राहकों की अधिक भीड़ होने के कारण ढाबा देर रात तक खुला हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रिंकू बाथम ग्राहकों को खाना परोस रहे थे। तभी अचानक वह ढाबे के अंदर फर्श पर गिर पड़े और बेसुध हो गए। यह देख मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उन्हें बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है। रिंकू बाथम को क्षेत्र में एक मिलनसार, मेहनती और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।



खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# मौसम : दोपहर बाद कुछ देर को झलकी हल्की धूप



पलिया में गुरुवार को छाया कोहरा। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** तराई क्षेत्र में बदल रहे मौसम ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर रखा है। एक दिन यदि धूप निकल भी आती है, तो दूसरे दिन घना कोहरा सारे दिन छाया रहता है। गुरुवार को भी दोपहर बाद तक कोहरा छाया रहा और लोग गर्म कपड़े पहन कर घरों में दुबके रहे।

सड़कों पर दृश्यता काफी कम रही और वाहन रेंगते हुए नजर आए। दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए अनेक वाहन चालकों को फॉग लाइट जला कर चलते हुए भी देखा गया। कई स्थानों पर लोग आग जलाकर तापते भी दिखे। अधिक सर्दी के कारण सुबह से चिड़ियां भी काफी कम दिखाई दीं। रोज कमाने, खाने वाले अनेक मजदूरों को आज काम न मिलने से खाली घर लौटना पड़ा। बाजार में दोपहर तक ग्राहकों की कमी के चलते दुकानदार भी खाली बैठ आपस में गपशप हांकते रहे। दोपहर बाद हल्की धूप निकलने पर बाजार में कुछ रौनक बढ़ी।

### पदोन्नति में देरी पर भड़का शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ

**बरेली, अमृत विचारः** शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आलोक चौहान संघर्षी के नेतृत्व में सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. गिरीश चंद्र यादव से मुलाकात कर लंबित पदोन्नतियों को लेकर विरोध दर्ज कराया। पदाधिकारियों ने डीआईओएस को संबोधित ज्ञापन में जिले के आधा दर्जन से अधिक अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में वर्षों से रिक्त पड़े दफ्तरी पदों पर पात्र परिचारकों की पदोन्नति और जिला परिषद प्रबंधन के विद्यालयों में रिक्त लिपिक पदों पर 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटे के अंतर्गत शीघ्र पदोन्नति की मांग उठाई। इस पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने डीआईओएस से वार्ता कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आलोक चौहान ने कहा कि शिक्षा निदेशालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से पदोन्नति प्रक्रिया में हीलाहवाली की जा रही है।

# जगदेवपुर के पास मिले गोवंश के अवशेष, ग्रामीणों ने जताया रोष

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र में गांव जगदेवपुर के पास गन्ने के खेत में गोवंश के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और घटना पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को जमीन में दफन करवा दिया है। पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

इमलिया फार्म रोड जगदेवपुर के पास कुछ ग्रामीणों ने एक गन्ने के खेत में गोवंश के ताजे अवशेष देखे तो इसकी सूचना भारतीय बजरंग दल के लोगों को दी। अवशेष मिलने की सूचना पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फर्मेसी अधिकारी अंजू पवार भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। भारतीय बजरंग दल के विधानसभा अध्यक्ष विवेक मिश्रा, महामंत्री सुमित कुमार और गौ रक्षा प्रमुख धर्मवीर सिंह मौके पर मौजूद थे। एसएसआई अवनीश कुमार और बिजुआ चौकी इंचार्ज ने अवशेषों को गड्ढा खोदकर गड़वा दिया है। साथ ही कुछ सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

भारतीय बजरंग दल के लोगों का कहना है कि यह घटना बहुत ही दुखद है और इसके पीछे के लोगों को जल्द पकड़ा जाना चाहिए। इस घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है और लोगों में आक्रोश है।



मौके पर मौजूद पुलिस व अन्य लोग। ● अमृत विचार

● भीरा क्षेत्र में बढ़े मामले, ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाया ढिलाई बरतने का आरोप

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोहम्मद अलीशान को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शादाब चौधरी पुत्र इल्यास निवासी मोहल्ला कबूलपुरा नई बस्ती थाना कोतवाली तह. व जनपद बदायूं**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अजीत 26 वर्ष व पुत्रवधु राजमाला 24 वर्ष को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। अब मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उनका कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होंगे । **जगदीश पुत्र किशन लाल उर्फ केशों निवासी ग्राम उस्मानपुर परगना व तहसील सहसवान जिला (बदायू)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अजीत 26 वर्ष व पुत्रवधु राजमाला 24 वर्ष को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। अब मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उनका कोई संबंध व सरोकार नहीं होगा वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होंगे । **जगदीश पुत्र किशन लाल उर्फ केशों निवासी ग्राम उस्मानपुर परगना व तहसील सहसवान जिला (बदायू)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0972511 एवं इण्टर मीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0720758 की अंकतालिका सहप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **दिव्या कुमारी पुत्री अनिल कुमार निवासी अशोक नगर निकट आर.के. कॉन्वेन्ट स्कूल के पास, इज्जतनगर, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में भूलवश गौरा दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि उसका वास्तविक नाम वैष्णों जौहरी है। जन्म प्रमाण पत्र में भी वैष्णों जौहरी नाम ही दर्ज है। **विनीत जौहरी पुत्र श्री राकेश जौहरी निवासी निकट संतोषी माता मन्दिर, पाठक इंग्लिश कोचिंग, मढ़ीनाथ, थाना सुभाष नगर, जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट मुख्य परीक्षा सन् 1997, अनुक्रमांक 0275755 का प्रमाण पत्र (सनद) वास्तव में खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **अजीत कुमार पुत्र श्री राकेश कुमार निवासी राजनगर कालोनी, नवादा शेखान पीलीभीत बाईपास रोड, पोस्ट श्यामगंज, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पलिया से लौटते समय युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, मझगईं

● निघासन मार्ग पर नौगवां धर्म कांटे के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** मोबाइल खरीदने पलिया गए युवक की वापस लौटते समय सड़क हादसे में मौत हो गई। परिवार वालों के पोस्टमार्टम कराए जाने से इंकार करने पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिवार को सौंप दिया।

हादसा निघासन रोड पर स्थित नौगवां धर्मकांटा के पास हुआ। मझगई थाना क्षेत्र के जानकी नगर फार्म निवासी गुरमीत सिंह मिस्त्री का 19 वर्षीय पुत्र संदीप सिंह पलिया मोबाइल लेने गया था। मोबाइल न मिलने के बाद वह बाइक से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान नौगवां धर्म कांटे के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल संदीप को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, घर में कोहराम मच गया। पिता गुरमीत सिंह और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इस पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### प्रसाद नहीं पहुंचाने पर हिस्ट्रीशीटर ने आयोजक को पीटा

**सीबीगंज, अमृत विचार :** मंदिर पर हुए श्री राम चरित मानस पाठ का प्रसाद गांव के ही दबंग हिस्ट्रीशीटर के घर नहीं पहुंचाया तो आयोजक के घर में घुस कर उसकी जमकर पिटाई करके जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अब दहशत में हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत दो लोगों के विरुद्ध मुकद्मा दर्ज किया है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर ग्राम प्रधान के साथ ही सत्ता पक्ष के पूर्व सांसद के अधिवक्ता बहनोई पर हमला कर उनके घर को बम से उड़ाने की धमकी दे चुका है।

सीबीगंज के गांव ठिरिया ठाकुरान निवासी रुद्रपाल सिंह पुत्र राममूर्ति सिंह ने बताया कि उसके घर के ही सामने शिव मंदिर है।

# बेला कला गांव में खेत में छिपे तेंदुए ने आठ साल की बच्ची पर किया हमला

संवाददाता, मझगई

● घायल बच्ची की हालत गंभीर अस्पताल में चल रहा उपचार

**अमृत विचारः** मझगई वन रेंज क्षेत्र के गांव बेला कला में गुरुवार शाम तेंदुए के हमले से दहशत फैल गई। गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार की 8 वर्षीय पुत्री पिंकी गन्ने के खेत में काम कर रही थी, तभी गन्ने में छिपे तेंदुए ने उस पर अचानक हमला कर दिया। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र कुमार व मोहन कुमार की बेटियां गांव के उत्तर दिशा स्थित हीरालाल के खेत में शाम करीब 4 बजे जलाने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियां बांध रही थीं। इसी दौरान पिंकी हरी पत्तियां नोच रही थी कि तभी खेत में घात लगाए बैठे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मार दिया।हमले के बाद साथ मौजूद दूसरी बच्ची चीखने-चिल्लाने लगी। शोर सुनकर पास के लोहरा वीरान गांव निवासी विजयपाल, जो पास ही गन्ने की छिलाई कर रहे थे, दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि तेंदुआ बच्ची को दबोचे हुए है। विजयपाल के शोर मचाने पर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया। शोर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और गन्ने के खेत को घेर लिया, लेकिन तेंदुआ भागकर अनिल मौर्य के खेत में जा छिपा। बच्ची की हालत गंभीर देख ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कांबिंग अभियान शुरू किया, लेकिन देर शाम तक तेंदुए की लोकेशन ट्रेस नहीं हो सकी। वन क्षेत्राधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया है। तेंदुए की लोकेशन ट्रेस की जा रही है और उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

### वृहद पुनरीक्षण में बीएलओ अनुराग आनंद प्रथम

**बरेली, अमृत विचारः** पंचायत एवं नगरीय निकाय के जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण में ई-बीएलओ एप पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की एंट्री करने पर सर्वोच्च आठ बीएलओ को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की है। जनपद स्तर मीरापुर ग्राम पंचायत के बीएलओ अनुराग आनंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनुराग को 10 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बसंतपुर ग्राम पंचायत के बीएलओ को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 8 हजार रुपये, मीरापुर ग्राम पंचायत के बीएलओ लालाराम को तृतीय स्थान मिला।

# वर्षों से सीता स्वयंवर के लिए धनुष बना रहा मुस्लिम परिवार

सुनील श्रीवास्तव, बिझौली

**अमृत विचार :** पिछले 107 वर्षों से अनवरत हो रहा ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेला रजागंज क्षेत्र की एक पहचान होने के साथ ही एक मुस्लिम परिवार का भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण भाव भी दर्शाता है। मेला प्रारंभ होने के समय से ही सीता स्वयंवर के लिए धनुष रजागंज निवासी मुस्लिम परिवार ही पीढ़ी दर पीढ़ी बनाता आ रहा है।

कस्बा रजागंज में हो रहे ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेले में सालों से रजागंज निवासी अख्तर नामक स्थानीय कारीगर सीता स्वयंवर के लिए शिव धनुष बनाने की परंपरा निभा रहे हैं। यह सांप्रदायिक सौहार्द का एक अनूठा उदाहरण है, जहां मुस्लिम कारीगर श्रद्धा के साथ रामलीला महोत्सव के लिए भव्य और दिव्य धनुष का निर्माण करते हैं। वर्तमान में धनुष यज्ञ मेला में सीता स्वयंवर के लिए शिव धनुष बनाने वाले अख्तर ने बताया कि उनके बाबा हुसैनी ने 1919 में पहली बार धनुष बनाया था। उन्होंने लगभग 40 वर्ष तक धनुष बनाया। उसके बाद 1960 में उनका निधन हो गया तो पिता अकबर अली ने 1961 से 2005 तक धनुष बनाया। उसके बाद 2006 से अभी तक मैं और मेरा परिवार इस पवित्र काम को श्रद्धा भाव से कर रहे हैं।

यह परिवार पिछले 107 सालों (या एक सदी से अधिक) से लगातार यह धनुष बना रहा है। यह धनुष यज्ञ मेला सीता स्वयंवर (रामलीला) का एक मुख्य हिस्सा है, जहां भगवान राम शिव धनुष को तोड़ते हैं। मुस्लिम परिवार द्वारा रामलीला का धनुष बनाने की यह परंपरा हिंदू-मुस्लिम एकता का एक अद्भुत उदाहरण है। यह परंपरा करनपुर रजागंज के ग्रामीण इलाकों में रामायण के मंचन और सामाजिक सद्भाव की जीवंत परंपरा को दर्शाती है।

### धनुष बनाने का कुछ भी नहीं लेते मेहनताना

अख्तर का परिवार पिछले 107 वर्षों से सीता स्वयंवर के लिए धनुष बना रहा है। परंतु अपने कार्य के बदले उसने मेला कमेटी से कभी कुछ नहीं लिया है, बल्कि वह उसे सामाजिक कार्य में अपना योगदान मानते हैं। अख्तर कहते हैं कि मेला जब तक चलता रहेगा, तब तक उनका परिवार पूर्वजों की इस परंपरा का नि:स्वार्थ भाव से पालन करते हुए धनुष बनाता रहेगा। इससे उन्हें आत्म शांति मिलती है।

● गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बना रजागंज का मेला धनुष यज्ञ



रजागंज में धनुष के साथ अख्तर।

# ट्रैवल एजेंट की मौत के बाद गाड़ी ट्रांसफर की पोल खुलने पर हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन कार्यालय का यह हाल है कि यहां नियमों की नहीं, बल्कि दलालों की चलती है। ताजा मामला इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां एक ट्रैवल एजेंट की मौत के पूरे एक साल बाद उसकी कार उसके भाई के नाम ट्रांसफर कर दी गई।

न किसी को मौत दिखी, न दस्तावेजों की जांच जरूरी समझी गई। बस फाइल चली, दस्तखत हुए और गाड़ी ट्रांसफर हो गई। जैसे यह कोई सामान्य औपचारिकता हो। एडीजी के आदेश पर जब बुधवार को कैंट थाने में ट्रैवल एजेंट के भाई और परिवहन विभाग के अज्ञात कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई तो आरटीओ कार्यालय में हड़कंप मचा है। यह मामला सिर्फ गाड़ी ट्रांसफर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे सिस्टम की पोल खोल रहा है। यह घटनाक्रम पांच साल पुराना है, इसलिए पटल सहायक से लेकर तत्कालीन एआरटीओ तक की भूमिका संदिग्ध है। आरटीओ कार्यालय के बाहर खुलेआम बैठे दलाल हर काम की गारंटी देते हैं-चाहे वह गाड़ी ट्रांसफर हो, परमिट हो या लाइसेंस। अधिकारी सिर्फ हस्ताक्षर करने तक सीमित रह जाते हैं, मानो नियमों से उनका कोई लेना-देना ही न हो। इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज होने के बाद विडंबना यह है कि विभागीय अधिकारी इसे पुराने अधिकारियों और कर्मचारियों की करतूत बताकर खुद को पाक-साफ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि अगर मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो सिर्फ बाबू ही नहीं, बल्कि तत्कालीन एआरटीओ और जिम्मेदार अफसरों तक आंच आना तय है। फिलहाल आरटीओ में हालात यही है-यहां सब चलता है, बस नियम नहीं चलते।

# छात्रों को बताए कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके

## रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने दो दिन में 600 बच्चों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल और नालंदा पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने विद्यार्थियों को कैंसर के संबंध में ए टू जेड तक जागरूक किया। कैंसर के लक्षण, उपचार और बचाव के साथ ही इससे बचाव रखने के लिए जीवनशैली कैसी रखनी चाहिए, किस तरह का खानपान रखना चाहिए आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में दो दिन में शहर के छह स्कूलों के करीब छह सौ बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह करीब 11.15 बजे से जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव के संबंध में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए, ताकि बच्चे अपने परिवार, समाज को जागरूक कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने में सहयोगी बनते हैं। कैंसर से डरना नहीं चाहिए। सही समय पर इलाज से कैंसर से मरीज को बचाया जा सकता है। वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर 1 बजे जय नारायण सरस्वती स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर के प्रति सभी स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए, समाज में जितनी जागरूकता आएगी, उतना ही ज्यादा लोग कैंसर से अपना बचाव रख सकेंगे।

तीसरे सत्र में दोपहर करीब 2.15 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में आयोजित किए गए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। बच्चों से कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है, आधुनिक उपचार से कैंसर को मात दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही।



रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट व अमृत विचार की ओर से जयनारायण सरस्वती स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में बोलते डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा।

- छात्रों को कैंसर से बचाव के लिए नियंत्रित जीवनशैली और सेहतमंद खानपान की आदत अपनाने की दी गई सलाह

# अफीम तस्करी के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अफीम तस्करी के आरोपी बदायूं के थाना बिसौली के ग्राम खजुरिया निवासी ज्ञान सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश कु. अफशां ने खारिज कर दी। एनसीबी के वकील घनश्याम द्विवेदी ने बताया कि 10 फरवरी 2025 को एनसीबी को सूचना मिली कि छोटू उर्फ भुईया अपने काले रंग के बैग में भारी मात्रा में अवैध अफीम लेकर बरेली देने जा रहा है।

फरीदपुर टोल प्लाजा से टीम ने छोटू को पकड़ लिया। उसने बताया कि वह हजारीबाग झारखंड से बैग में अफीम रखकर बरेली देने जा रहा है। बैग में 2 किलो 600 ग्राम अफीम बरामद हुई। विवेचना में ज्ञान सिंह की संलिप्तता प्रकाश में आने पर एनसीबी ने अभियुक्त बनाया था।

# योगी को बताया सर्वश्रेष्ठ सीएम

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि देश के विभिन्न प्रांतों के मुख्यमंत्रियों के परिपेक्ष्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री को देखें तो उनके काम करने का तौर तरीका अलग ही नजर आएगा। आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत कुमार बिस्वा ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठते ही 1200 मदरसों पर ताले लगवा दिये, मदरसा शिक्षा को खत्म कर दिया। मौलाना ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुसलमानों को चिढ़ाने के लिए सामान्य नागरिक संहिता कानून लागू किया। आरोप लगाया कि दो दर्जन से ज्यादा मदरसों पर ताले लगवा दिए।

# पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा : कमिश्नर

**बरेली, अमृत विचार :** कमिश्नर एवं एसआईआर के रोल प्रेक्षक भूपेन्द्र एस. चौधरी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की समीक्षा की। कमिश्नर ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से काटा नहीं जाएगा।

कमिश्नर ने कहा कि बैठक बुलाने का मकसद सिर्फ यह जानना था कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और ईआरओ के साथ आपसी संवाद तथा समन्वय हो रहा है या नहीं। समीक्षा में पाया गया कि आप लोगों के मध्य आपसी संवाद बना है। विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बूथवार फार्म 6, 7 व 8 कितनी संख्या में प्राप्त हो रहे हैं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिससे वह भी अपने स्तर पर समीक्षा कर सकें। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि पूरा कार्य पारदर्शी तरीके से हो रहा है और सभी को सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। एएसडी में यदि कोई फार्म भरने से रह गया है या जो नवयुवा 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनके फार्म-6 भरवाए जाने पर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्य, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, कांग्रेस नेता अजय शुक्ला के अलावा सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में तमाम निगरानी बरतने के बावजूद फार्मों में गड़बड़ियों की भरमार है।

# महावीर स्वामी का हुआ जलाभिषेक

**पुवायां, अमृत विचार :** खुटार रोड स्थित महावीर स्वामी बाग में बालाजी मंदिर बनने के लिए भगवान का जलाभिषेक किया गया। इस दौरान शोभायात्रा निकालकर भगवत स्वरूप को नगर भ्रमण कराया गया।

शोभायात्रा नगर भ्रमण कर महावीर स्वामी बाग खुटार रोड तक पहुंची, जहां हवन-पूजन के साथ भगवान बालाजी का जलाभिषेक किया गया। शोभायात्रा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान के जयकारे लगाए। कलश यात्रा में कमेटी सदस्य महेश गुप्ता, गोविंद अग्रवाल, पुष्पेंद्र गुप्ता लकी, जय प्रकाश, बृजेन्द्र प्रजापति, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, कुलदीप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं में गरिमा गुप्ता, ऋचा, बबली, अनिता प्रजापति, खुशबू, कल्पना, राधा अग्रवाल, रानी, रीता, गुंजन गुप्ता, निष्ठा गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा बरेली, 89–सी, सिविल लाइन्स अयूब खान चौराहा, बरेली, 243001
Phone + 8477009101 , E-mail: sarbly@bankofbaroda.com

**कब्जे की सूचना (केवल अचल सम्पत्ति के लिए)**

(सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ, अपेंडिक्स IV के अनुसार)
(हमारा दिनांक 10.04.2024 वाला पिछला नोटिस तकनीकी कारणों द्वारा तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (54 ऑफ 2002) की धारा 13 (12) नियम 3 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, के प्राधिकृत अधिकारी ने एक मांग नोटिस (निम्नलिखित) को उधारकर्ता एवं जमानतकर्ता से मांग नोटिस में उल्लिखित रकम (निम्नलिखित) को कथित नोटिस की प्राप्ति से 60 दिन के अन्दर भुगतान करने का जारी किया।

उधारकर्ता / जमानतकर्ता / बंधककर्ता द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल रहने पर, प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है, कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे उल्लेख की गई सम्पत्ति पर (निम्नलिखित) दिनांक को सांकेतिक कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और जन साधारण को नीचे उल्लेखित सम्पत्ति के सम्बन्ध में लेन–देन न करने की चेतावनी दी जाती है. और सम्पत्ति के सम्बन्ध में ऐसा लेन देन **बैंक ऑफ बड़ौदा, दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा बरेली** के अधीन होगा।

उधारकर्ता / जमानतकर्ता / बंधककर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 उप धारा 8 के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। **गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण, राशि, उधारकर्ता / जमानतकर्ता / बंधककर्ता , तिथि आदि नीचे उल्लेखित है :**

| क्र. सं. | उधारकर्ता / जमानतकर्ता / बन्धककर्ता का नाम व पता | मांग सूचना की तिथि / देय राशि एवं कब्जा की तिथि | बंधक रखी गई सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता : मैसर्स बाबा एजेन्सीज** प्रोपराइटर श्री मोहन दास पुत्र श्री चंदू मल **जमानतकर्ता :** 1. श्री विनोद परचानी पुत्र मोहन दास 2. श्रीमती पदमा देवी पत्नी मोहन दास | मांग सूचना तिथि 13.11.2025 / रु. 33,07,507.91 (रूपये तेतीस लाख सात हजार पांच सौ सात एवं इकयानवे पैसे मात्र) एवं उस पर संविदात्मक दर से ब्याज, साथ ही लागत शुल्क एवं अन्य खर्चे / कब्जा तिथि : 02.02.2026 | आवासीय सम्पत्ति सं. ई–1135 के सभी भाग एवं भूखण्ड जो श्रीमती पदमा देवी पत्नी श्री मोहन दास के नाम पर राजेन्द्र नगर तहसील व जिला बरेली (यू.पी.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 36.98 वर्गमीटर है। **सीमाएँ –पूरब** : रोड 3 मीटर चौड़ा, उसके बाद पार्क, **पश्चिम** : मकान सं. ई–1079, **उत्तर** : मकान सं. ई–1136, **दक्षिण** : रास्ता 6 मीटर उसके बाद मकान सं. ई–1133 एवं ई–1134 |

दिनांक : 02.02.2026 स्थान : बरेली प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



पूर्वोत्तर रेलवे

**शुद्धि-पत्र**

"ई–निविदा सूचना सं.: DYCE-CON-LJN-11-2025, जिसकी टेण्डर क्लोजिंग दिनांक 06-02-2026 को 15:00 बजे थी, को आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर तकनीकि कारणों से निरस्त कर दिया गया है।"

**उप मुख्य इन्जीनियर / निर्माण-I, लखनऊ**
मुजाधि / डब्लू-450

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :–
निविदा सं. एवं कार्य का विवरण: EL-MWS-GKP-2025-26-25, (i) स्ट्रीपिंग, रिपेयरिंग एण्ड रि–फीटिंग आफ बैटरी, फैन एण्ड बैटरी बॉक्स आफ आई.सी.एफ. (ए.सी. एण्ड नान ए.सी.) कोचेज एट टी.एल. इन मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। (ii) स्ट्रीपिंग, रिपेयरिंग एण्ड रि–फीटिंग आफ बैटरी, फैन एण्ड बैटरी बॉक्स आफ एल.एच.बी. (ए.सी. एण्ड नान ए.सी.) कोचेज एट टी.एल. इन मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। अनुमानित लागत : Rs. 1,28,36,371.28/-, बयाने की राशि : Rs. 2,14,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 24 महीना।
● आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 25.02.2026 समय 11:00 बजे तक। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर(कार.)/पू.उ.रे./गोरखपुर**
**मुजाधि/विद्युत – 274**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर, लखीमपुर–खीरी (उ0प्र0)**

**अल्प–कालीन ई–निविदा सूचना**

केवल अनुभवी ठेकेदारों से इस मिल समिति में निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा निर्धारित तिथि को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रम0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई–निविदा की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Replacement of damage A.C. Sheet in drier House, Mill House and Pan Station & Strengthening of trusses and purlin. | रू0 36000/- | रू0 590/- | 14.02.2026 |

उपरोक्त कार्य हेतु विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। समस्त निविदा प्रक्रिया ई-निविदा के माध्यम से पूर्ण की जायेंगी आवश्यकतानुसार निगोशिएसन भी किया जा सकता है।

अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्वसुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**



**सेक्शन–1**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उपखण्ड बदायूँ।**

(पता :– कक्ष सं0 206, प्रथम तल, विकास भवन, जिला – बदायूँ।)

पत्रांक :– 77 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रा0/2025–26 दिनांक :– 27.01.2026

**मैनुअल निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उपखण्ड–बदायूँ में मार्ग निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए, बी, सी एवं डी सीमा के अनुरूप श्रेणी के निविदाताओं से मोहरबन्द निविदायें मैनुअल टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

1. कार्य से संबन्धित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि बिड.सि0 (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विधायक निधि – शेखूपुर। | | | | | | |
| 1. | बदायूँ | ग्राम मई में जब्बार के घर से इशित्याक के घर तक सी0सी0 कार्य (जगत)। | 1.550 | 0.04 | 589.00 | 02 माह |

2. कार्यालय में निविदा विक्रय की तिथि :– 07.02.2026 से 07.03.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायः 05:00 बजे तक।
3. मोहरबन्द निविदा प्राप्ति (डालने) के लिए अन्तिम तिथि /समय :– दिनांक 09.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
4. प्राप्त मोहरबन्द निविदायें खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.03.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

**UP-245251 दिनांक 04.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**(भूपेन्द्र प्रताप सिंह)सहायक अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उपखण्ड–बदायूँ।**
**राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से।**



# कार्यालय जिला पंचायत बदायूं

पत्रांक: 1411/जि.पं./कर अनु./2025–26 दिनांक: 05.02.2026

**मृत पशु शव निस्तारण हेतु सामान्य निविदा आमंत्रण सूचना**

उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग से पंजीकृत एवं क्रियाशील सहकारी समितियों के समस्त अध्यक्ष व सचिवों को एवं पैतृक रूप से उक्त पेशे से जुड़े सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, बदायूं के समस्त वि.खं. की समस्त न्याय पंचायतों के वित्तीय वर्ष 2026–27 (दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक) की अवधि के लिए मृत पशु शव निस्तारण के लाईसेन्स/ठेका की नीलामी सामान्य निविदा के माध्यम से दिनांक 18.02.2026 की अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो इसी दिनांक को अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा शुल्क मय जी.एस.टी. के रूपये 177/– प्रति न्याय पंचायत वार जमाकर निविदा फार्म कार्यालय से दिनांक 17.02.2026 के अपरान्ह 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। यदि उपरोक्त तिथि में अवशेष किसी भी वि.खं. की न्याय पंचायतों की निविदा प्राप्त नहीं होती है, तो ऐसी दशा में माह के प्रत्येक बुधवार को उक्त समय पर निविदा आमंत्रित की जायेगी व उपरोक्त तिथि व समय पर ही खोली जायेगी एवं निविदा फार्म माह के प्रत्येक मंगलवार को उपरोक्त समय तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। साथ ही अवगत कराना है कि यदि उपरोक्त तिथियों में अवकाश होता है तो सप्ताह के अगले मंगलवार को निविदा फार्म की बिक्री व सप्ताह के अगले बुधवार को निविदा आमंत्रित करने सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी। निविदा में भाग लेने वाली समिति उ.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग से पंजीकृत एवं क्रियाशील सहकारी समितियों का प्रमाणपत्र व अन्य अभिलेख निविदा के साथ संलग्न करना होगा। न्यूनतम धनराशि प्रति न्याय पंचायतवार रू. 2,000/– को प्रपत्र संख्या– 05 से नकद जमा करना होगा। निविदा के साथ आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित होगा। सशर्त प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है तथा वेबसाइट www.budaun.nic.in भी उपलब्ध है। विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र. | क्षेत्र पंचायत | न्याय पंचायत | धरोहर धनराशि प्रति न्याय पंचायत | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सलारपुर | 1. पुठीसराय 2. भगवतीपुर 3. बरातेगदार 4. बिनावर 5. मई रजऊ 6. कैली 7. लाही फरीदपुर 8. रैपुरा 9. युसुफनगर। | 2,000/– | 177.00 |
| 2. | जगत | 1. रसूलपुर विलहरी 2. मचलई 3. मलगवां 4. रूपपुर 5. लखनपुर 6. खुनक 7. उतरना 8. जरवेली 9. ईकरी बसियानी। | 2,000/– | 177.00 |
| 3. | कादरचौक | 1. कादरचौक 2. बमनौसी 3. ककोडा 4. लोहाठेर 5. भमुईया भदसिया 6. जलालपुर 7. वाराचिर्रा 8. भूड़ा भदरौल | 2,000/– | 177.00 |
| 4. | उझानी | 1. अहरवारा 2. अब्दुल्लागंज 3. बुटला दौलत 4. बसंतनगर 5. बसोमा 6. पिपरौल 7. हजरतगंज 8. दहेमू 9. भैंसोरा 10. शेखूपुर 11. रौली | 2,000/– | 177.00 |
| 5. | वजीरगंज | 1. वरौर अमानुलापुर 2. वनकोटा 3. व्योली 4. रहेडिया 5. रोटा 6. वगरैन 7. नौली हरनाथपुर। | 2,000/– | 177.00 |
| 6. | बिसौली | 1. सर्वा 2. खजुरिया 3. करखडी 4. नागपुर 5. सरैरा 6. हतसा 7. फतेहपुर 8. शरह बरौलिया 9. करनपुर | 2,000/– | 177.00 |
| 7. | आसफपुर | 1. आसफपुर 2. पृथ्वीपुर 3. मुसिया नगला 4. राजटिकौली 5. दांवरी 6. निजामपुर शाह 7. सीकरी 8. सिसरका 9. गुलड़िया | 2,000/– | 177.00 |
| 8. | इस्लामनगर | 1. मितरौली 2. चन्दोई 3. करियामई 4. ईखखेड़ा 5. अल्लीपुर 6. मियांपुर दियौरा 7. सिठौली 8. नूरपुर पिनौनी 9. सादातपुर नाचनी। | 2,000/– | 177.00 |
| 9. | अम्बियापुर | 1. वैन 2. नगला तरऊ 3. सिरासौल जसा 4. सिमर्रा भोजपुर 5. रिसौली 6. शहबाजपुर 7. सहसपुर 8. वर्नी ढकपुरा 9. हैदलपुर 10. वैरमई बुजुर्ग 11. संतेती गजा। | 2,000/– | 177.00 |
| 10. | सहसवान | 1. मुजरिया 2. गंगापुर 3. तिगरा 4. भुजपुरा ट. जामिनी 5. रियोनाई 6. टिटौला 7. औरंगाबाद ट. जामिनी 8. रसूलपुर वेला, 9. खन्दक 10. अफजलपुर छगनपुर 11. मोह. पुर ऊधा 12. खण्डुआ। | 2,000/– | 177.00 |
| 11. | दहगवां | 1. हसनपुर टा. वैश्य 2. अमनपुर 3. दहगवां 4. रसूलपुर कलां 5. दानपुर 6. शादीपुर 7. अल्लादादपुर धोवई 8. नाधा 9. सिलहरी। | 2,000/– | 177.00 |
| 12. | म्याऊ | 1. चितरी 2. लभारी 3. गूरा वरेली 4. गौतरा 5. म्याऊ 6. चंगासी 7. संजरपुर 8. गुढ़ाना। | 2,000/– | 177.00 |
| 13. | उसावां | 1. कटरा सादतगंज 2. रिलौला 3. भुण्डी 4. टिकरी वछेली 5. सरेली 6. टिकरा वछेली 7.सरेली 8. रसूलपुर नगला 9. उसावा देहात 10. लिलवां | 2,000/– | 177.00 |
| 14. | दातागंज | 1. डहरपुर कलां 2. सलेमपुर 3. बेहटामाधौ 4. वसेली 5. कसेला 6. सैंजनी 7. नौनी टिकन्ना 8. प्रसिद्धपुर 9. आजमपुर विसौरिया 10. नगरिया खनू। | 2,000/– | 177.00 |
| 15. | समरेर | 1. समरेर 2. सवलपुर 3. महताबपुर 4. गण्डाह 5. हसनपुर 6. सुखौरा 7. सिसईया गुसाई 8. जयपालपुर धनौरा। | 2,000/– | 177.00 |

**अभियन्ता जिला पंचायत, बदायूं**
**अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, बदायूं**



**सेक्शन–1**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड – बदायूँ।**

(पता :– कक्ष सं0 226, प्रथम तल, विकास भवन, जिला – बदायूँ।)

पत्रांक :– 1450 /ग्रा0अ0वि0/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक :– 27.01.2026

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बदायूँ में मार्ग निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए, बी, सी एवं डी सीमा के अनुरूप श्रेणी के निविदाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

1. कार्य से संबन्धित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि बिड सि0 (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विधायक निधि – शेखूपुर। | | | | | | |
| 1. | बदायूँ | ग्राम पंचायत सखानू में रिटेनिंग वॉल का कार्य (जगत)। | 25.388 | 0.51 | 854.00 | 03 माह |
| 2. | बदायूँ | ग्राम देवीनगला में भूरे के घर से राजपाल के घर तक सी0सी0 कार्य (कादरचौक)। | 12.555 | 0.26 | 766.00 | 03 माह |
| 3. | बदायूँ | ग्राम कलिप्या में छुट्टन के घर से कश्मीरूद्दीन के घर तक सी0सी0 कार्य (कादरचौक)। | 12.478 | 0.25 | 766.00 | 03 माह |
| 4. | बदायूँ | ग्राम कदमनगला में मंदिर से सुरेश शर्मा के घर से राजपाल के घर तक सी0सी0 कार्य (कादरचौक)। | 9.100 | 0.19 | 766.00 | 03 माह |
| 5. | बदायूँ | ग्राम हसनपुर में हुरियाई मार्ग से बसियानी तक मिट्टी एवं खडंजा कार्य (जगत)। | 18.452 | 0.37 | 854.00 | 03 माह |
| 6. | बदायूँ | ग्राम ढडूनगला में पन्नालाल के घर से मैन रोड तक सी0सी0 कार्य (कादरचौक)। | 10.492 | 0.21 | 766.00 | 03 माह |
| 7. | बदायूँ | ग्राम फतेहपुर (जगत) भोजराज के मकान से आरिफ के मकान तक सी0सी0 कार्य (जगत)। | 17.999 | 0.36 | 854.00 | 03 माह |
| 8. | बदायूँ | ग्राम नरऊ बुजुर्ग के सियाराम नगर कॉलोनी में कमला मंदिर रोड से नरेन्द्र पाल के मकान तक और ब्रजपाल सिंह के मकान से मास्टर बाबू राम यादव के मकान तक सी0सी0 कार्य (जगत)। | 12.596 | 0.26 | 766.00 | 03 माह |
| 9. | बदायूँ | ग्राम नौशेरा मैन रोड से उरमान सिंह के घर तक सी0सी0 कार्य (उझानी)। | 12.164 | 0.25 | 766.00 | 03 माह |
| 10. | बदायूँ | ग्राम बिलहारी में ईदगाह से सुरेन्द्र की दुकान तक सी0सी0 कार्य (म्याऊँ)। | 28.957 | 0.58 | 854.00 | 03 माह |
| 11. | बदायूँ | ग्राम सरौरा नगला में मैन रोड से वीरेन्द्र के घर तक सी0सी0 कार्य (जगत)। | 9.591 | 0.20 | 766.00 | 03 माह |
| 12. | बदायूँ | ग्राम पस्तौर में राममूर्ति पूर्व प्रधान की बैठक से रामपाल के घेर होते हुये वीरपाल पाली के घर तक सी0सी0 कार्य (जगत)। | 20.220 | 0.41 | 854.00 | 03 माह |
| 13. | बदायूँ | ग्राम मल्लाहपुर में रामभरोसे सिंह मैमोरियल महाविद्यालय में मेन गेट से पश्चिम साइड बाउड्रीवॉल एवं व्यायाम कक्ष तक सी0सी0 कार्य (जगत)। | 9.547 | 0.20 | 766.00 | 03 माह |
| 14. | बदायूँ | ग्राम कादरावाडी में अली हसन के घर से मुब्बर के घर तक सी0सी0 कार्य (कादरचौक)। | 22.897 | 0.46 | 854.00 | 03 माह |
| 15. | बदायूँ | ग्राम ननाखेडा में खुशी माहम्मद खाँ के मकान तक सी0सी0 कार्य (उझानी)। | 21.180 | 0.43 | 854.00 | 03 माह |
| 16. | बदायूँ | ग्राम गौरामई में परवेज पुत्र सच्चन खाँ के मकान से डा0 शाकिर की दुकान तक सी0सी0 कार्य (म्याऊँ)। | 16.209 | 0.33 | 854.00 | 03 माह |
| 17. | बदायूँ | ग्राम झन्डपुर में महेश के मकान से धर्मेन्द्र के मकान तक सी0सी0 कार्य (जगत)। | 14.572 | 0.30 | 766.00 | 03 माह |
| 18. | बदायूँ | ग्राम सरेरी में ठाकुर जी के मन्दिर से प्राथमिक विद्यालय तक और महावीर ठाकुर के मकान से मदन कश्यप के मकान तक सी0सी0 कार्य (उसावा)। | 17.526 | 0.36 | 854.00 | 03 माह |
| 19. | बदायूँ | ग्राम बसोमा में संजीव के घर के पास माता मंदिर से शमशान भूमि पुलिया तक सी0सी0 कार्य (उझानी)। | 21.107 | 0.43 | 854.00 | 03 माह |
| 20. | बदायूँ | ग्राम बूंचा नगला में मुनेश के घर से रतिराम के खेत तक सी0सी0 कार्य (जगत)। | 22.503 | 0.46 | 854.00 | 03 माह |
| 21. | बदायूँ | ग्राम नसीरनगर धनपाल सिंह के घेर से तेजराम के घर तक सी0सी0 कार्य (म्याऊँ)। | 11.590 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 22. | बदायूँ | वार्ड नं0 इ0 जीमरूल के घर से दिलीशेर के मकान तक सी0सी0 कार्य (म्याऊँ)। | 9.759 | 0.20 | 766.00 | 03 माह |

2. वैब साईट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :– 07.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे से।
3. वैब साईट पर बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करने की तिथि :– 07.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे से।
4. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ की तिथि / समय :– 07.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे से।
5. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि / समय :– 09.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
6. ई निविदा के माध्यम से तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– 09.03.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज – 9 के अनुसार परिशिष्ट/ शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सभी संभावित निविदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से ई निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साईट http//etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**UP-245248 दिनांक 04.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**(राजेश कुमार) अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड – बदायूँ।**
**राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से।**

